हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री


4 भरतपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम लौटी बैरंग




## खबर संक्षेप

### गायकवाड़ ने पोड़ी थाना का संभाला पदभार

**वेस्ट चिरमिरी।** एमसीबी जिले के पोड़ी थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में



जवाहरलाल गायकवाड़ की पदस्थापना की गई है। उनकी नियुक्ति के बाद थाना क्षेत्र के अवैध कारोबारियों व मादक द्रव्यों के अवैध निर्माण व बिक्री पर रोक लगने की संभावना जताई जा रही है। श्री गायकवाड़ सन 2008 से पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उनके अनुभव को देखते हुए जनसामान्य को उम्मीद है कि वह शीघ्र ही थाना क्षेत्र के अंदर अवैध रूप से फल फूल रहे शराब, जुआं, सट्टा, कबाड़ और अवैध रेत कारोबारियों पर अंकुश लगाएंगे। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था के सुदृढ़ रहने और आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई तेज होने की संभावना है। श्री गायकवाड़ ने इस अवसर पर कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य क्षेत्र में जहां एक और आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाना है।

### सिम्मी बनीं अनूपपुर की नई डीपीसी

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को



साकार करने की दिशा में देशभर में चलाए जा रहे राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में अब अनूपपुर जिले को एक नई दिशा मिलने जा रही है। अब तक डीपीसी जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यभार अस्थायी प्रभार पर संचालित हो रहा था, किंतु अब इंदौर से संबंध रखने वाली श्रीमती सिम्मी वानखेड़े को अनूपपुर जिले की नई डीपीसी के रूप में नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण के दौरान जिला क्षय केन्द्र में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी टीबी स्टाफ से परिचय प्राप्त किया। उनकी शालीनता, मधुरता, सादगीपूर्ण व्यवहार और कार्य के प्रति समर्पण ने सभी के मन में सकारात्मक छाप छोड़ी है। एक सक्षम और सहृदय जिला कार्यक्रम समन्वयक के रूप में उनका स्वागत पूरे विभाग ने हर्षपूर्वक किया। उनके आने से विभागीय कर्मचारियों में नया उत्साह और जोश देखने को मिला है।

### राजकीय ग्रामीण स्वराज अभियान का प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण भारत के विकास को नई ऊर्जा देने और जनप्रतिनिधियों को सशक्त नेतृत्व के रूप में तैयार करने की दिशा में मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत में राजकीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अमृत सदन सभागार में हो रहा है, जहां जनप्रतिनिधियों को शासन-प्रशासन से जुड़ी जिम्मेदारियों, जनता के प्रति जवाबदेही और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

### विद्युत उत्पादन करने का मिला गौरव

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 प्रदेश के इतिहास में प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट होने का गौरव पाया जो लगातार 400 दिनों से संचालित है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से निरंतर विद्युत उत्पादन कर रही है यूनिट ने माह अक्टूबर की 4 तारीख को लगातार 365 दिन 1वर्ष तक निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का तमगा हासिल किया था। यूनिट क्रमांक 5 के लगातार संचालन से प्रदेश के विद्युत ग्रिड को स्थिरता मिली और घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई। इस उपलब्धि से न केवल एमपीपीजीसीएल की साख मजबूत हुई बल्कि यह प्रदेश की अन्य विद्युत इकाइयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी है।

कोरिया के 21 उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां अंतिम दौर पर

# धान खरीदी: सीमावर्ती एरिया में 24 घंटे होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होंगी।

■ अवैध धान परिवहन पर होगी सख्ती

इस दौरान बाहरी जिलों एवं राज्यों से अवैध धान की आवक को रोकने जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सीमावर्ती मार्गों पर चेकपोस्ट दल तैनात कर दिए हैं। यह आशंका जताई गई है कि धान खरीदी केन्द्रों में अवांछित व्यक्तियों द्वारा अन्य क्षेत्रों से धान लाकर खपाने का प्रयास हो सकता है। इस रोकथाम के लिए डुमरिया, टेंगनी, नगर, सुरमी चौक एवं गोईनी में 24 घंटे



तीन पालियों में निगरानी की व्यवस्था की गई है। इन चेकपोस्ट का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर उमेश कुमार पटेल तथा गोईनी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत अंशुल वर्मा करेंगे। दल में वन विभाग, पुलिस, नगर सैनिक एवं कोटवारों को शामिल कर संयुक्त बल तैयार किया गया है। सभी दलों को बाहरी धान के परिवहन पर रोक लगाते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी अवधि 15 नवंबर से 31 जनवरी तक निर्धारित है। इसके सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। अधीक्षक भू-अभिलेख भुवनेश्वर प्रसाद टोप्पो को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियक्त किया गया है, जो धान खरीदी से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। कोरिया जिले में इस खरीफ वर्ष में 42 हजार 112 हेक्टेयर में धान के फसल लगाए हैं। खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 126 है, इन किसानों से 1 लाख 37 हजार 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। वहीं इस खरीफ वर्ष 2025-26 में 64 करोड़ रूपए कृषि ऋण देने का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध अब-तक 15 हजार 679 किसानों को 49 करोड़, 5 लाख रूपए का कृषि ऋण वितरण किया गया है, जबकि विगत वर्ष 57 करोड़ कृषि ऋण के विरूद्ध 17 हजार 101 किसानों को 54 करोड़ 82 लाख का कृषि ऋण वितरण किया गया था।

### आहरण एवं संवितरण अधिकारी नियुक्त

जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों में समिति प्रबंधक के साथ संयुक्त रूप से वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आहरण एवं संवितरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जामपारा, झरनापारा, पटना, गिरजापुर, सरभोका एवं बैमा सहित अन्य केन्द्रों पर संबंधित अधिकारी समिति स्तर पर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे, इसके अतिरिक्त जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के निरीक्षण, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# रतनपुर के बीएलओ ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ईएफ फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सोमवार को रतनपुर क्षेत्र के भाग संख्या 134 के बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ चौथ कुमार पटेल द्वारा स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को (गणना पत्रक) प्रदान किया गया।

■ बीएलओ ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ईएफ फॉर्म

इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र में उसकी सशक्त भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम जोड़े, सुधार कराएं या आवश्यक परिवर्तन करवाएं, ताकि आगामी चुनावों में वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। बीएलओ द्वारा ईएफ फॉर्म प्रदान किए जाने का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं



और स्थानीय नागरिकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जोड़ना है ताकि इस अभियान के प्रति जन जागरूकता बढ़े और कोई भी योग्य नागरिक का नाम छूटे नहीं तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति का नाम जुड़े नहीं। इस दौरान बीएलओ ने मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया, ऑनलाइन सुविधा और नए पंजीकरण के लिए उपलब्ध पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता

**मनेन्द्रगढ़।** खेल के मैदान में जब बेटियां उतरती हैं तो जीत सिर्फ पदकों की नहीं होती, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और नारी शक्ति के उत्कर्ष की होती है।

इसी संदेश को साकार करते हुए जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्वावधान में वर्ष 2025-26 की जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे जिले में उत्साह, जोश और खेल भावना का अद्भुत वातावरण बना दिया। मुख्य आयोजन स्थल सेंट पैट्रिक स्कूल चौघड़ा-मनेन्द्रगढ़ रहा, जहां एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और खो-खो प्रतियोगिताएं आयोजित की गइं, इसके साथ ही कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन



अंबेडकर भवन झगराखाड़ में, वेटलिफ्टिंग का मुकाबला लेदरी में, बैडमिंटन की रोमांचक भिड़ंत इनडोर हॉल में, बास्केटबॉल मैच डीडब्लूपीएस में और रस्साकशी का आयोजन सेंट पैट्रिक परिसर में हुआ। हर मैदान पर खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था, मानो हर बेटी यह संदेश दे रही थी कि अब हम किसी से कम नहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा और सरपंच चौघड़ा श्रीमती मानकुंवर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

### पीजी कॉलेज ग्राउंड क्षेत्र नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रपति श्रीमतीं द्रौपदी मुर्मू का 20 नवम्बर को जिले के अम्बिकापुर में प्रवास प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का ग्राउंड एवं गांधी स्टेडियम परिसर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति के सरगुजा प्रवास के दौरान सुरक्षा कारणों से उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन, अनमैन्ड एरियल व्हीकल, कैमरा ड्रोन या अन्य उड़ान उपकरणों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं विमान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कोरिया के अमृत ब्रांड को मिली विशेष पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जशपुर जिले के मायाली पर्यटन स्थल में 6 से 9 नवंबर तक आयोजित जम्बूरी महोत्सव एवं बिहान क्षेत्रीय सरस मेले में कोरिया जिले के कोरिया अमृत ब्रांड ने अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई। मेले में कोरिया जिले की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक और पौष्टिक उत्पादों ने खरीदारों का ध्यानाकर्षित करते हुए बिक्री में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

मेले में कोरिया अमृत मोदक लड्डू, कोरिया अमृत अचार एवं सुगंधित चावल सहित विभिन्न उत्पादों की मांग विशेष रूप से बढ़ी। स्वाद, गुणवत्ता और घर की पारंपरिक विधि से निर्मित होने केक



कारण खरीदारों ने इन उत्पादों की जमकर प्रशंसा की। ग्राम पंचायत आनी के ज्योति एवं मां शारदा महिला स्व-सहायता समूह ने कोरिया अमृत मोदक लड्डू बेचकर 45,000 रूपए का व्यवसाय किया। ग्राम पंचायत छिंदिया के जागृति महिला स्व-सहायता समूह ने कोरिया अमृत अचार की बिक्री द्वारा 24,000 रूपए से अधिक की आय अर्जित की।

महिला युग एफपीसी द्वारा सुगंधित चावल की बिक्री से 12,000 रूपए का कारोबार हुआ। इस प्रकार 80 हजार रूपए से अधिक की बिक्री दर्ज की गई, जो कोरिया जिले इन महिलाओं को आत्मविश्वास को और मजबूत किया है। मेले में सीएम की धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या साय, कमिश्नर सरगुजा, कलेक्टर जशपुर सहित अन्य अधिकारियों ने कोरिया अमृत स्टॉल का निरीक्षण करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की तथा स्वयं ⏭ शेष पेज 4 पर

# पाराडोल एनीकट निर्माण को मिली 10 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली है। हसदेव नदी पर पाराडोल एनीकट निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग की तरफ से 10 करोड़ 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस परियोजना से मनेन्द्रगढ़ के लगभग 80 हेक्टेयर क्षेत्र में निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन एवं कृषकों को स्वयं के साधन से सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी, इससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।



■ स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

वहीं मनेन्द्रगढ़ की स्थानीय जनता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक तथा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार जताया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद कहा है कि यह एनीकट सिंचाई, भू-जल संवर्धन, पेयजल, निस्तारी कार्य और क्षेत्र के विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा और स्थानीय जनजीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

### महिला की मौत, परिजन ने पति पर लगाया आरोप

**अम्बिकापुर।** प्रसव के बाद एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। नवजात को जन्म देने के बाद महिला ने दम तोड़ दिया। इधर महिला की मौत को लेकर परिजन ने पति पर ही लापरवाही का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि राजपुर के खूटनपारा निवासी 32 वर्षीया रेखा यादव पति सोहन राम गर्भवती थी। 8 नवम्बर को महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन ने उसे बरियों स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। इस दौरान महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया था। सामान्य प्रसव के कुछ देर बाद महिला शौच के लिए गई हुई थी जहां वह बेहोश होकर गिर गई। प्रसूता के बेहोश होने पर प्रारंभिक जांच के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# विश्व टीकाकरण दिवस पर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विश्व टीकाकरण दिवस पर संस्था प्रबंधन के निर्देश एवं मार्गदर्शन में न्यू लाईफ के बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल बैकुंठपुर में स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन किया गया।




इस स्वास्थ्य शिक्षा में लोगों को टीकाकरण सारणी एवं उसके महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस वर्ष विश्व टीकाकरण दिवस का थीम है, इम्यूनाईजेशन फॉर ऑल इज हूमेन्ली पॉसीबल मतलब मानवीय रूप से संभव सभी के लिए टीकाकरण। इस थीम का मकसद टीकाकरण के महत्व को समझाना और यह दिखाना है कि टीकाकरण से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। टीकाकरण से छोटे बच्चों की मृत्युदर कम हुई है और ज्यादा से ज्यादा बच्चों का जीवन सुरक्षित है। प्रति वर्ष 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस मनाया जाता है, 20 वीं सदी के उत्तरार्द्ध का वैश्विक वैक्सीन अभियान, मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। संक्रमण रोगो की रोकथाम के लिए टीकाकरण सर्वाधिक प्रभावी एवं सबसे सस्ती विधि है, टीकाकरण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबुत बनाता है। भारत में टीकाकरण कार्य मुख्यतः जन्म से लेकर 5 वर्ष के बच्चों में लगाया जाता है, जैसे बीसीजी, ओपीवी, रोटावायरस, पेंटावैलेन्ट, हैपेटायटीस-बी, डीपीटी एमआर आदि। भारत में यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सबसे बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में से एक है ,जो कि प्रतिवर्ष 2.67 करोड़ से ज्यादा नवजात शिशुओं और 2.9 करोड़ से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को लक्षित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन विभिन्न परिस्थितियों में पर्यटकों के लिए विभिन्न टीकों की सलाह देता है। उन टीकों में डिप्थीरिया वैक्सीन, टेटनस वैक्सीन, हेपेटाइटिस ए का टीका, हेपेटाइटिस बी वैक्सीन, ओरल पोलियो वैक्सीन, टाइफाइड वैक्सीन जापानी इंसेफेलाइटीस, मेनिंगोकोकल वैक्सीन, रेबीज का टीका और येलो फीवर टीका शामिल है। इस पूरे स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन श्रीमती लुकेश साहू, (असिस्टेंट प्रोफेसर) के द्वारा प्राचार्या डॉ.अंजना सेमुएल के मार्गदर्शन में किया गया।

## राहगीरों पर हमले का खतरा, कई बार हो चुकी है डॉग बाइट की घटना

# शहर के वार्डों में झुण्ड में घूमते हैं आवारा कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक एक गंभीर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संकट बन गया है। इस पर नगरीय प्रशासन को नागरिकों की सुरक्षा व स्वास्थ को गंभीर खतरा को देखते हुए तत्काल उचित प्रभावी कदम उठाने की जरूरत हैं।

शहर के कई मोहल्लों एवं सार्वजनिक जगहों पर दिन के साथ शाम ढलने के बाद भी आवारा कुत्तों का झूंड को आसानी से देखा जा सकता है, जो लोगों के सुरक्षा के लिए खतरा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्कूल, बस स्टॉप, अस्पताल सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से आवारा



कुत्तों से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं, इसके बाद अब यह देखना है कि नगर पालिका व जिला प्रशासन आवारा शहरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों को लेकर अब क्या ठोस कार्रवाई करती है, क्योंकि शहर में कुत्तों के लिए शेल्टर होम नहीं है। शहर में प्रतिवर्ष आवारा आवारा कुत्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है और इसके चलते शहर के लोगों को हमेशा ही आवारा कुत्तों के कारण खतरा बना रहता है। आए दिन किसी न किसी क्षेत्र से डॉग बाइट के मामले सामने आते रहते हैं, बावजूद इसके शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, इसके चलते आमजन की मुश्किले और बढ़ती जा रही है। आवारा कुत्तों द्वारा लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे की घातक रैबिज बीमारी का खतरा बढ़ रहा है।

शहर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिलती है, शाम ढलने के बाद तो मोहल्लो एवं अन्य प्रमुख जगहों पर कुत्तों के झूंड को आसानी से देखा जा सकता है, जिनके बीच से होकर आवागमन करने में हमेशा डर बना रहता है। खासकर बच्चे एवं महिलाएं कुत्तों के झूंड से अत्यधिक डर के चलती है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### चरचा में लगभग डेढ़ दर्जन शिकार

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के नगरीय निकाय शिवपुर चरचा में करीब डेढ़ माह पूर्व डॉग बाइट के 15 मामले एक दिन में सामने आया था, इनमें से एक गंभीर बालिका को बडे शहर में रिफर कर दिया गया था। जिला मुख्यालय के निकट कोयलांचल चरचा कॉलरी में भी आवारा कुत्ते लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है, लेकिन घटना के बाद भी चरचा कॉलरी में आवारा कुत्तों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं शुरू हो पाई है।

# शिक्षार्थी आंकलन की तैयारियां हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 7 दिसंबर को आयोजित होने वाले शिक्षार्थी ऑकलन की सुचारू व्यवस्था के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी मारुति शर्मा द्वारा बताया गया कि जिले के विभिन्न साक्षरता केन्द्रों में नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कुल 5734 शिक्षार्थियों ने निर्धारित 200 घंटे



का अध्ययन कार्य पूर्ण कर लिया है, जिन्हें आगामी शिक्षार्थी ऑकलन में सम्मिलित किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को घर-घर संपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाने, कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने, परीक्षा केन्द्रों पर प्रकाश, बैठक व्यवस्था, पेयजल और सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने, शत-प्रतिशत शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक लाने की जिम्मेदारी निर्धारित करने तथा व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, प्राचार्य डाइट कोरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### दसवीं में जिले टाप आने पर कलेक्टर ने किया सम्मान

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धने और जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले व जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के दौरान नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में दसवीं के छात्र अम्बर खान का साल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। अम्बर खान दसवीं की परीक्षा में जिले में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया था, अम्बर खान अनवर खान के पुत्र हैं, और सूरजपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत हैं। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक भीमसेन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश जैन, प्राचार्य कैलाश यादव, आचार्य जितेन्द्र कुमार दुबे, आचार्य राकेश निगम एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे।

### पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता ने हरियाली बचाने, पर्यावरण बचाने, ओजोन परत के क्षरण की भयावहता, चांद पर बस्ती बसाने की ललक को प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों ने कार्बन उत्सर्जन पर चिंता वहीं सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा की ओर बढ़ने का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने प्रथम अमृता सिंह, द्वितीय तृप्ति साहू, माधुरी राजवाड़े, माधवी दुबे और रिया किसपोट्टा, अंकुश गुप्ता को तृतीय घोषित किया है। पेंटिंग स्पर्धा में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा प्रथम अनुराध कंवर, द्वितीय सृष्टि वैष्णव, अदिति गुप्ता, तृतीय स्थान प्रतिमा राजवाड़े, रेशमा बड़ा ने हासिल किया।



### कांग्रेस में वापसी नहीं हो पाने से पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह है हताश : बृजेश

**शंकरगढ़।** पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरीता लेतफलांग के खिलाफ दिए गए पैसों के लेनदेन संबंधी बयान पर बलरामपुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बृजेश यादव ने कहा कि बृहस्पति सिंह कांग्रेस में पुनः प्रवेश के लिए लगातार बड़े नेताओं से प्रयास कर रहे हैं, किंतु उनकी वापसी संभव नहीं हो पा रही है। इसी हताशा के चलते उनका मानसिक संतुलन डगमगा गया है और वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बृहस्पति सिंह ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ मिलकर कांग्रेस को हराने की संगठित साजिश रची थी। अब उसी असफलता में आकर वह पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस एक अनुशासित और विचारधारा-आधारित संगठन है। राहुल गांधी साफ़ निर्देश है कि कोई भी कार्यकर्ता या कितना भी बड़ा नेता हो पार्टी अनुशासन से अलग किसी भी प्रकार का पार्टी विरोधी कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पार्टी से निष्कासित किए जाएंगे। ऐसे बेतुके बयानों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा, बल्कि वे और मजबूती से पार्टी के साथ खड़े रहेंगे।



### ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई 30 को

**अम्बिकापुर।** पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मे.मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. के आवेदन पर विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट उत्खनन के लिए 135.223 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण ने अधिसूचना जारी की है। विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम चिरगा में वर्षों पूर्व मां कुदरगढ़ी अल्यूमिना रिफायनरी प्लांट की स्थापना की गई है वहीं ग्राम पंचायत सिलसिला में मां कुदरगढ़ी एल्युमिना फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चिरगा के ग्रामीण इकाई की स्थापना होने के बाद से ही विरोध कर रहे हैं वहीं पिछले साल 8 सितम्बर को ग्राम सिलसिला स्थित फैक्ट्री में बॉयलर का हापर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी जिस पर ग्रामीणों ने भारी विरोध किया था। मे.मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. मैनपाट के दूरस्थ ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन करने की तैयारी में है बॉक्साइट उत्खनन के लिए केंद्रीय पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ग्राम कंडराजा में 75 रकबे में आवंटित 135.223 हेक्टेयर भूमि में उत्खनन के लिए 30 नवम्बर को नर्मदापुर स्थित स्टेडियम में जनसुनवाई निर्धारित की गई है। ग्राम कंडराजा सरगुजा का सरहदी गांव है तथा रायगढ़ की सीमा से सटा है। सरहदी कापू जंगल में पूरे साल हाथियों का दल मौजूद रहता है तथा ग्राम कंडराजा के रास्ते मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों सहित लखनपुर एवं सीतापुर रेंज के सीमावर्ती जंगलों में भ्रमण करता है। ग्राम कंडराजा सहित आसपास के ग्रामीणों को पर्यावरण मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली सुनवाई की जानकारी नहीं है। इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण अनभिज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।

## समितियों में शुरू नहीं हो सकी है खरीदी की तैयारियां

# कर्मचारियों की हड़ताल से समितियों में लटका ताला, 5 दिन बाद शुरू होनी है धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सहकारी समिति के कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से समिति में ताला लटक रहा है। शासन ने 15 नवम्बर से सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा कर दी है। इधर समिति के कर्मचारी अपनी मांगे पूरी होने के बाद ही कार्यस्थल पर लौटने की बात पर अड़े है। ऐसे में निर्धारित तिथि से धान खरीदी करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

**खास बात**
- बारदाना एवं हमालों की उपलब्धता बनी चुनौती

सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल विक्रेता आदि अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं तथा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन नोडल अधिकारियों की निगरानी में धान की खरीदी कराता है। खरीदी पूरी होने के बाद नोडल अधिकारियों की ड्यूटी खत्म हो जाती है। नमीयुक्त धान की खरीदी होने के कारण भारी मात्रा में सूखत आती है जिसकी भरपाई समिति प्रबंधकों से की जाती है। सूखत की वसूली धान खरीदी करने वाले नोडल अधिकारियों से भी होनी चाहिए। शासन द्वारा पूर्व में कम्प्यूटर ऑपरेटरों को 18420 रूपए मासिक भुगतान का आश्वासन दिया गया था। वर्तमान में शासन द्वारा ऑपरेटरों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से करने एवं 6 महीना का वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। समितियों में सेवा नियम लागू होना चाहिए तथा कर्मचारियों को सभी शासकीय सुविधाएं मिलनी चाहिए। पूर्व शासन द्वारा 72 घंटे के भीतर खरीदे गए धान का उठाव करने एवं 28 फरवरी तक उठाव नहीं होने पर 1 फीसदी सूखत का भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण हर बोरी में 2-3 किलों की सूखत आती है जिसकी भरपाई समिति के प्रबंधक को करनी पड़ती है। शासन समय पर धान का उठाव करे अन्यथा सूखत की समस्या का हल निकाले। कर्मचारी अपनी मांगों के पूरा होने के बाद ही कार्य पर लौटने की बात कह रहे हैं। ऐसे में निर्धारित समय पर धान खरीदी प्रारंभ करना अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि अधिकारी सहकारी समितियों में धान खरीदी की तैयारियां कराने का दावा कर रहे हैं साथ ही कर्मचारियों की हड़ताल को खरीदी के लिए बड़ी चुनौती भी स्वीकार कर रहे हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने में अब सिर्फ 5 दिन का समय शेष बचा है। इन 5 दिनों के भीतर आवश्यक तैयारियां नहीं हुई तो खरीदी में अधिकारियों को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।




वीरान सहकारी समिति।

### फड़ की साफ-सफाई जरूरी

धान खरीदी के पूर्व सहकारी समितियों के फड़ की साफ-सफाई आवश्यक है। फड़ में मवेशियों एवं अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के साथ ही सुरक्षा के उद्देश्य से फड़ की बारकेडिंग कराई जाती है। फड़ों में शाम तक सुचारू रूप से धान की खरीदी हो सके इसके लिए समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए लाइटिंग कराना पड़ता है। खरीदी के पूर्व नमी मापक यंत्र एवं कांटा-बांट की उपलब्धता एवं इसके प्रमाणीकरण की जरूरत पड़ती है। सॉफ्टवेयर में धान खरीदी का ट्रायल रन करना एवं खरीदे गए धान के भुगतान का अभ्यास करना जरूरी होता है ताकि किसी तरह की समस्या आने पर त्वरित निदान किया जा सके। समितियों को 16 कॉलम की जानकारी भी नियमित विभिन्न विभागों को देनी पड़ती है। इस 16 कॉलम की उपलब्धता आवश्यक है। खरीदी के लिए सबसे बड़ी जरूरत बारदाने एवं हमालों की उपलब्धता है। प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है लेकिन आवश्यक तैयारियों के बिना धान खरीदी करना आसान नहीं होगा।

#### बाहर का धान रोकना बड़ी चुनौती

सहकारी समितियों में धान खरीदी प्रारंभ होने के एक पखवाड़े पूर्व ही कोचिए एवं बिचौलिए पड़ोसी राज्यों से बड़ी मात्रा में धान मंगाकर अलग-अलग गांवों में भंडारित कराते हैं ताकि आसानी से समितियों में खपाया जा सके। कोचिए अधिया खेती करने वाले एवं सीमांत किसानों का धान भी सस्ते में खरीदते हैं। प्रशासन द्वारा बलरामपुर जिलान्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्र रामानुजगंज, शंकरगढ़, कुसमी एवं वाड्रफनगर में विभिन्न स्थानों पर 22 जांच चौकियां जबकि सूरजपुर जिलान्तर्गत एमपी से सटे चांदनी-बिहारपुर क्षेत्रों में विशालपुर, नवाटोला एवं कोल्हुआ में तीन जांच चौकी स्थापित की गई है। रामानुजगंज तहसील में भारी मात्रा में लगातार अवैध धान जब्त किया जा रहा है जबकि अन्य क्षेत्रों में बाहरी धान को रोकना बड़ी चुनौती बनी है।

#### एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर विवाद

शासन ने उन्हीं किसानों का धान खरीदने का निर्णय लिया है जिनका एग्रीस्टेक में पंजीयन हो। सरगुजा सहित अन्य जिलों में एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर कई समस्याएं सामने आ रही है। जिन किसानों की जमीन दो गांवों में है उन्हें पंजीयन में समस्या हो रही है। वनभूमि धारक किसानों का पंजीयन नहीं होने वहीं बड़ी संख्या में किसानों के रकबे में हेरफेर होने की बातें सामने आ रही है। खरीदी पूर्व सभी किसानों का पंजीयन एवं धान के रकबे को दुरूस्त करना भी चुनौती बनी है।

#### चल रही तैयारियां

सहकारी समिति में धान खरीदी की तैयारियां चल रही है। धान खरीदी में अभी 6 दिन शेष है लिहाजा हड़ताली कर्मचारियों के काम पर लौटने का इंतजार किया जा रहा है।

-सुनीता अग्रवाल
डीआरसीएस, सरगुजा

# सेवारी समिति प्रबंधक पर अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सहकारी समिति के प्रबंधक के खिलाफ की गई शिकायत के मामले में ढाई महीने बाद भी जांच पूर्ण नहीं हो पाई है। जांच व कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

- जांच नहीं होने से किसानों में नाराजगी

बता दें कि आदिम जाति सेवा समिति सेवारी के प्रबंधक पर किसानों ने फर्जी नियुक्ति, धान टोकन और खाद वितरण के दौरान अवैध वसूली, किसानों के तौलाई-बोरा भराई राशि गबन और अमर्यादित गतिविधियों के गंभीर आरोप लगाए है। इसके साथ ही किसानों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद लगातार प्रबंधक द्वारा उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। इस मामले में ग्रामीणों 18 अगस्त कलेक्टर से शिकायत की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने सहकारिता विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। सहकारिता सहायक आयुक्त ने 21 अगस्त को एके दास, सहकारिता विस्तार अधिकारी वाड्रफनगर को तीन दिवस के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था लेकिन ढाई माह बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इस संबंध में सहकारिता सहायक आयुक्त सुरेश पैकरा ने बताया कि जांच प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए बालक स्कूल के दो छात्रों का चयन

**रामानुजनगर।** बच्चों के लिए जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिताओं का आयोजन शा.बहु.उ.मा.वि.अंबिकापुर में संपन्न हुआ जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत है, जिसके अंतर्गत सात उप विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता एवं जल संरक्षण और प्रबंधन है। प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 12वीं के छात्र अविनाश सिंह का स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रादर्श बनाने और 10वीं के छात्र नवल साय का सतत कृषि के लिए प्रादर्श बनाने पर राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। गाइड टीचर गोपाल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों को तलाशने और विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी ने चयनित दोनों छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## राजस्व न्यायालय में जीवित व्यक्ति को मृत बताकर झूठा शपथ पत्र किया प्रस्तुत

**बिश्रामपुर।** राजस्व प्रकरण में जीवित व्यक्ति को मृत बता कर बेजा लाभ लेने एसडीएम न्यायालय सूरजपुर में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर देने का मामला सामने आया है।घटना सामने आने के बाद जिसे मृत बताया गया है वही व्यक्ति ने सामने आकर मामले की शिकायत एसएसपी सूरजपुर से कर दोषियों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है,आवेदक लालजी आत्मज जगदीश राजवाड़े 50 वर्ष निवासी सोहागपुर चौकी करंजी ने सूरजपुर एसएसपी को लिखित शिकायत सौंप कर बताया कि अनावेदक मोहरसाय आत्मज अर्जुन राम 60 वर्ष निवासी सोहागपुर के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर में राजस्व अपील प्रस्तुत कर मुझे लालजी आत्मज जगदीश को मृत बताकर उक्त संबंध में शपथ पत्र निष्पादित कर प्रस्तुत किया गया है जिससे कि अनावेदक अनुचित लाभ प्राप्त कर सके,इस प्रकार अनावेदक मोहर साय ने योजनाबद्ध ढंग से जानबूझकर एसडीएम न्यायालय में गलत व झूठा दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिसकी जांच कर आरोपित व्यक्ति के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग एसएसपी से की गई है।

- पीड़ित व्यक्ति ने मामले की एसएसपी से की गई शिकायत

## भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की उपस्थिति में रविवार को एसआईआर हेतु समलाया मंडल की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में श्री सोनी ने कहा कि निर्वाचन विशेष गहन पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने का सामूहिक अभियान है। मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की निष्पक्षता की बुनियाद होती है, जिसमें भाजपा सदैव अग्रणी भूमिका निभाती आई है। प्रत्येक बूथ पर सही मतदाता सूची बनाना, छूटे पात्र मतदाताओं को जोड़ना और मृत अथवा स्थानांतरित नामों को हटवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता घर-घर जाएं, लोगों से संवाद करें, उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराएं। कार्यशाला सह प्रभारी अनिल अग्रवाल ने कहा कि गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक बीएलए और बूथ प्रभारी को मतदाता सूची के प्रत्येक बिंदु पर ध्यान देना चाहिए। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं, उनकी सक्रियता ही भाजपा की सफलता का आधार है। जन्मेजय मिश्रा एवं अभिषेक शर्मा ने एसआईआर की तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी दी तथा संतोष दास ने वंदेमातरम् गीत प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री अजय सोनी एवं आभार प्रदर्शन अभिषेक सिंहदेव ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री अरूणा सिंह, पार्षद मनीष सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, दीपक सिंह तोमर, सरिता मिश्रा, सर्वेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# ग्रामीणों पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रामानुजगंज।** वन विभाग की मदद करने गए ग्रामीणों पर हमला करने वाले अतिक्रमणकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अतिक्रमण की नापजोख करने के दौरान आरोपी ने ग्रामीणों पर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

बता दें कि 6 नवंबर को विकासखंड के ग्राम कालिकापुर में वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने गई हुई थी। इस कार्रवाई के दौरान नाप जोख के लिए टीम गांव के अनिल यादव, रूपलाल यादव, लाल मोहन यादव, सुशील यादव को साथ लेकर गई हुई थी। नाप जोख के दौरान अतिक्रमणकारी ग्रामीण दरोगा यादव ने ग्रामीणों के ऊपर हमला कर दिया था। इस घटना में रूप लाल यादव और अनिल यादव को गंभीर चोट आई थी। इस घटना की शिकायत सुशील यादव आ. मुखलाल यादव ने पुलिस से की थी। घटना के बाद आरोपी कालिकापुर निवासी 40 वर्षीय दरोगा यादव आ. रामवृक्ष यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कब्जे की भूमि को जबरजस्ती हटवाने से आक्रोशित होकर मारपीट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी दरोगा यादव को बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# अमेरा खुली खदान को लेकर नहीं थम रहा ग्रामीणों व प्रबंधन का विवाद

**लखनपुर।** अमेरा ओपन कास्ट माइंस को लेकर ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच गतिरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी भी ग्रामीण इसी बात पर अडिग है कि वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर कोयला निकाले के लिए नहीं देंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने प्रबंधन कोल उत्खनन हेतु जमीन देने के लिए सहमति बनने का भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। बता दें कि अमेरा खुली खदान का विस्तार परसोडीकला तक किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीण लम्बे समय से विरोध कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि वे खदान के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। प्रबंधन की समझाईस के बाद ग्रामीण अपनी बात पर अडिग है। इस दौरान दो बार ग्रामीणों और कोल कंपनी के कर्मचारियों के बीच झड़प भी हुई जिसमें कई कर्मचारियों को चोट आई थी। इन सब के बीच एक बार फिर से शनिवार को ग्रामीणों के निस्तार हेतु बनाए गए तालाब के समीप खनन कंपनी शुरू कर दिया जिसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। इस प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच खनन के लिए सहमति बन गई है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा जबरन भ्रम फैलाया जा रहा है कि खदान विस्तार के लिए ग्रामीणों ने ने अपनी सहमति दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन ने निस्तार के तालाब को पहले ही नष्ट कर दिया था इस लिए उस स्थान से वे कोयला निकाल रहे है जबकि इसके आगे वे अपनी एक इंच की जमीन खदान के लिए नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि ओपन कास्ट खदान अमेरा परियोजना का विस्तार ग्राम पंचायत परसोडीकला की ओर किया जा रहा है जिसका आज भी विरोध है और आने वाले समय में भी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि खदान विस्तार के लिए ग्राम पंचायत की ओर 1 इंच जमीन नहीं देंगे ना हमें नौकरी चाहिए ना ही हमें मुआवजा हमें अपना जमीन ही चाहिए। अपनी जमीन बचाने के लिए ग्रामीण लम्बी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है।

- समझाईश के बाद भी जमीन देने को नहीं हुए राजी



## तनाव मुक्त जीवन के उपाय पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में शुक्रवार को तनाव प्रबंधन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सोशल वर्कर के टीम के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को तनाव से मुक्त रहने के लिए उपाय बताए,सोशल वर्कर कुमारी प्रियंका मंडल एवं मनोज कुमार के द्वारा बताया गया कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव नहीं लेना चाहिए, इसके लिए विभिन्न प्रकार के एक्टिविटीज के माध्यम से अवगत कराया गया कि अपने जीवन में कैसे शांति लाई जा सकती है।

शिविर में बताया गया कि अपने भविष्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए और अपने मन मस्तिष्क में हमेशा सकारात्मक बातें सोचने चाहिए,इसके लिए हमें अच्छे साहित्य का अध्ययन एवं अपने परिवार के साथ समय बिताने से नकारात्मक विचार नहीं आता है,इस दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को बताया गया कि अपने मन की बात को परिवार के साथ साझा करने एवं मित्रो से खुलकर अपनी बातों को रखनी चाहिए जिससे मन में नकारात्मक विचार न पनपे और मन में शांति बनी रहे।

## विकासखण्ड गौ सेवा आयोग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

विकासखण्ड स्तरीय गौ सेवा आयोग की समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखण्ड अंतर्गत गौधाम संचालन हेतु विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करना था। बैठक में आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा गौ धामों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सदस्यों ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विकासखण्ड में चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक सुधार हेतु सुझाव भी दिए। इस अवसर पर गौ धामों के रखरखाव, पशुओं के आहार, चिकित्सा सुविधा एवं स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि गौधाम केवल पशु संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि यह समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना का प्रतीक हैं। इन केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, सदस्य संदीप तिवारी, हेमन्त यादव, अदल सिंह, अंजनी पाल, पदेन सदस्य जनपद पंचायत अध्यक्ष गुलाब सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अजय मोरियम, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकुमार कुशवाहा एवं डॉ. रेनू खेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# तहसील साहू संघ भैयाथान के पदों पर निर्विरोध निर्वाचन



**भैयाथान।** तहसील साहू संघ भैयाथान की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर निर्विरोध चयन के साथ संगठन को नई दिशा देने के संकल्प व्यक्त किए गए।

शनिवार को सोनपुर बैठक में समाज के उपस्थिति में तहसील भैयाथान साहू संघ के अध्यक्ष सौरभ साहू, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, उपाध्यक्ष नीरू गुप्ता, संगठन सचिव अनिल साहू, संगठन सचिव काजल गुप्ता सर्वसम्मति से चयनित पदाधिकारी बनाए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ साहू ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। समाज के युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को अवसर प्रदान करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से समाज को प्रगतिशील एवं संगठित रूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष जोखन लाल साहू, चुनाव प्रभारी प्रदीप साहू, पर्यवेक्षक विजय साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामलल्लु साहू, जिला महासचिव अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू एवं उमाशंकर साहू, प्रवक्ता सुनील साहू तथा तहसील अध्यक्ष मणि प्रताप साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।



हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्र्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।




# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।' अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'



# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅ रियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।




***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए





लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर : बीएलओ पहुंच रहे घर-घर



बैकुण्ठपुर। जिले के सभी बूथों पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। एसडीएम, तहसीलदार आदि अधिकारी बीएलओ के साथ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण कर रहे हैं व जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। 4 नवंबर से शुरू हुए इस कार्य के तहत बैकुंठपुर, सोनहत, पटना तथा पोड़ी-बचरा तहसीलों में फार्मों का वितरण मतदाताओं को तेजी से किया जा रहा है। अधिकारी भी गांवों में पहुंच कर तथा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण की जानकारी ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी बूथों पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर से शुरू हुआ है। वितरण के बाद बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर जाकर निर्वाचकों से गणना प्रपत्र की भरी हुई प्रति प्राप्त करेंगे, जिसकी एक प्रति पावती के रूप में आवेदक को दी जाएगी।

### राष्टीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन

अनूपपुर। राष्टीय गीत वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गीत की स्थाई सांस्कृतिक विरासत के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत सभागार में सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। राष्टीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, पत्रकार मनोज द्विवेदी, एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी डॉ.उमेश द्विवेदी, स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक डॉ. रामनरेश वर्मा सहित जिला पंचायत, वाटरशेड, स्वच्छ भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, आजीविका मिशन, पंचायत राज के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का लिए जायजा

अनूपपुर। जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम पडमनिया, खरसोल, बड़ीतुम्मी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने मैदानी क्षेत्र में ग्रामीण विकास के कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के साथ संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी ली व उनकी समस्याओं को भी सुना तथा मौके पर ही समस्याओं के निराकरण संबंधी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### बाल दिवस पर बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान



चिरमिरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दीबाड़ी चिरमिरी में सोमवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कहानी लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की थीम हर बालिका राष्ट की पूंजी और कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का भविष्य रखा गया। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं को अपने विचारों, सपनों और आकांक्षाओं को सृजनात्मक रूप में व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना था।

## अतिक्रमण कारियों को दिया चार दिन का समय

# भरतपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम लौटी बैरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

**खास बात**

- वन भूमि पर बेजा कब्जा कर बना रहे थे पक्का मकान

क्षेत्र में इन दिनों अतिक्रमण कारियों का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि जहां खाली जगह देखा नहीं वहां देखते ही कब्जा जमाना शुरू कर देते है, चाहे वो किसी भी मद्द की भूमि क्यों न हो। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत भरतपुर में देखा गया जहां के फॉरेस्ट लैंड की भूमि को सलका निवासी एक ही परिवार के दो लोगों ने न सिर्फ बेजा कब्जा किया बल्कि बाप बेटा मिलकर पक्का मकान निर्माण करना शुरू कर दिया। निर्माण प्लिंथ स्तर पूर्ण हो चुका है। इधर फारेस्ट लैंड की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की जानकारी लगे पर आज वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच लेकिन अतिक्रमण कारी मौके से नदारद हो गए। जिस पर वन अमले की टीम ने चार दिन का समय देकर वापस बैरंग लौट गई।

ग्राम पंचायत भरतपुर के फारेस्ट लैंड की भूमि पर कुछ दिनों पूर्व ग्राम सलका के एक ही परिवार के दो लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान का निर्माण करना शुरू कर दिया। वन भूमि पर अवैध कब्जा करने पर ग्रामीणों ने घटना की शिकायत वन विभाग में की तथा कार्रवाई करने की मांग की। शिकायत पर आज जांच में वन विभाग की टीम बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण हटाने की पूरी तैयारी के साथ मौके पहुंचे। साथ ही अतिक्रमण करने वालों को अपने शासकीय व्यक्ति को भेज बुलवाए लेकिन घर में किसी के नहीं होने की बात कही गई। हालांकि वन विभाग द्वारा भी पूर्व अतिक्रमण कारियों को कोई नोटिस नहीं भेजा गया था। अतिक्रमण कारियों के नहीं होने पर वन अमले की टीम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बीच पंचनामा तैयार किया गया। साथ ही अतिक्रमण कारी ग्राम सलका निवासी रामसागर आ. सीताराम, सीताराम आ. सुदन के नाम लीगल नोटिस जारी करते हुए नोटिस उसके घर भेजा। साथ ही चार दिवस के भीतर वन भूमि में मकान बनाने का वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक केतका वनपाल देवकरन साय सिंह, वनपाल मनोज जायसवाल, रमाकांत तिवारी, राजेंद्र तिवारी, उर्सेला कुजूर, मिथलेश तिवारी, अजय टोप्पो, वनरक्षक देवेंद्र राजवाड़े, राजकुमार, प्रदीप राजवाड़े, सत्यप्रकाश राजवाड़े, सरपंच धीरेन्द्र सिंह, उप सरपंच प्रतिनिधि रोहन सिंह, पूर्व सरपंच बालम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



ग्रामीणों से चर्चा करते वन अमला की टीम।

### विभाग उत्खनन के लिए किसी व्यक्ति को नहीं देता लीज

अतिक्रमण हटाने ग्राम पंचायत पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध पत्थर उत्खनन के संबंध में पूछा। जिस पर उप वन क्षेत्रपाल धीरेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया कि किसी भी फॉरेस्ट लैंड का लीज किसी भी व्यक्ति को विभाग नहीं देता है,और न ही मॉल गाड़ियों को बिना परमिशन के जंगलों में घुसने की अनुमति है। इसके बावजूद अवैध पत्थर उत्खनन कर परिवहन कर ले रहा है इसको रोकने की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों की है। उन्होंने गांव के एक सक्रिय टीम बनाने तथा अवैध उत्खनन व परिवहन में लगे वाहन को पकड़ कर सूचना देने की बात कही। पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा दिलाएगी।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## कोल कर्मियों व परिजन के लिए अनुकंपा नियोजन प्रक्रिया को सरल बनाने नियमों में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए अनुकंपा नियोजन से जुड़ी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर की समीक्षा को लेकर हुई सब-कमेटी की दूसरी बैठक में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं, इन निर्णयों से अब न केवल नियोजन प्रक्रिया तेज और सरल होगी,बल्कि कर्मचारियों के आश्रितों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता एसईसीएल के निदेशक एचआर विरंची दास ने की, बैठक में एचआर विशेषज्ञों और यूनियन प्रतिनिधियों ने विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा की और अंततः कई महत्वपूर्ण संशोधनों पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई,बैठक में तय किया गया कि एक जुलाई 2021 से सभी महिला आश्रितों को लाइव रोस्टर में शामिल किया जाएगा,अब तक अधिकारी इसे 11 जून 2024 से लागू मानते थे जिससे कई मामलों में महिलाएं सूची से बाहर रह जाती थीं,इस संशोधन के बाद 2021 से अब तक के सभी लंबित महिला आवेदनों को भी लाभ मिलेगा,अब आश्रितों को प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट के पास भागदौड़ नहीं करनी होगी, समिति ने निर्णय लिया है कि नोटरी पब्लिक द्वारा जारी अटेस्टेशन और रिलेशनशिप सर्टिफिकेट भी मान्य होंगे,कई मामलों में देखा गया था कि आश्रित वर्षों बाद आवेदन करते हैं,जिससे प्रक्रिया जटिल हो जाती थी,बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मृतक कर्मचारी की मृत्यु के बाद तीन वर्ष की अवधि तक आवेदन अब स्वीकार्य होगा,मॉनेटरी अनुग्रह राशि के भुगतान को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया,समिति ने यह स्पष्ट किया कि मृतक कर्मचारी की मृत्यु की तारीख से ही आर्थिक सहायता की गणना और भुगतान किया जाएगा,इसके अलावा यदि मृतक कर्मचारी के आश्रित अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं,तो उनका एनओसी ऑनलाइन या वीडियो कॉल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा,बैठक में बनी सहमतियों को अब मानकीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, वहां इन अनुशंसाओं को अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद पूरे कोल इंडिया समूह में लागू किया जाएगा।

## वंदे मातरम संपूर्ण भारत की सामूहिक चेतना का प्रतीक



बैकुण्ठपुर। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले राष्टव्यापी कार्यक्रमों की कड़ी में शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों अनुरंजन कुजूर एवं श्रीमती जयश्री प्रजापति के संयोजन में महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रोजेक्टर के माध्यम से राष्टव्यापी शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ ने देखा और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम को मात्र राष्टगीत नहीं, बल्कि एक मंत्र और संकल्प बताते हुए कहा कि यह राष्ट की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव जगाता है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने 140 करोड़ देशवासियों में राष्टप्रेम की अलख जगाई है। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम संपूर्ण भारत की सामूहिक चेतना का प्रतीक है, जो हजारों वर्षों की सभ्यता, संस्कृति और अध्यात्म से निर्मित हुई है।

## वंदे मातरम गीत की 150 वी वर्षगांठ पर हिंदू महासभा का जय स्तंभ में आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सनातन धर्म के हर व्यक्ति के कर्म का हमें सम्मान करना है और यही बात ध्यान में रखकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माथुर रोहिणी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शानदार आगाज किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए नगर की हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष रामचरित द्विवेदी ने कहा कि हमने आज भी अपने अनजाने शहीदों को भुला दिया है।

हमें जातपात, ऊंच-नीच सनातन धर्म के हर व्यक्ति के कर्म का सम्मान के विभेद मिटाकर एक होना है, तभी हमारे देश, समाज की प्रगति होगी। हमें अपने सनातन धर्म के हर व्यक्ति के कर्म का सम्मान करना है और यही बात ध्यान में रखकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा रोहणी से भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि मथुरा रोहणी विगत बीस वर्षों से जय स्तंभ के सामने ही मोची का कार्य करते हैं और अपनी दुकान खोलने से पहले जय स्तंभ में झाडू लगाकर सफाई करते हैं, यही उनके अटूट देशप्रेम का परिचायक है, इसके बाद गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्पार्चन किया और सबने सामूहिक रूप से वंदेमातरम गीत का गायन किया। हरमहेन्द्र सिंह द्वारा प्रदेश में चर्चित कवि गिरीश पंकज के गीत वंदेमातरम प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान दिनेश्वर मिश्रा ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में मथुरा रोहिणी,हिन्दू महासभा के संरक्षक सुदर्शन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रामचरित द्विवेदी, महामंत्री अपूर्व कर, लखनलाल श्रीवास्तव, नरेन्द्र अरोड़ा, विनीत जायसवाल, संजय केशवानी, दिनेश्वर मिश्रा, विनीत जायसवाल, नारायण तिवारी, गोपाल बुनकर, हरित शर्मा, नरोत्तम शर्मा, शैलेश जैन, जया कर, अलका विश्वकर्मा, , हरमहेन्द्र सिंह, जयचंद बोथरा, रंजीत, विनोद तिवारी, मृत्युंजय सोनी, श्रीमती प्रवीण सिंह, अर्चना विश्वकर्मा ,राजेन्द्र चोपड़ा सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कॉलेज में व्याख्यान और पोस्टर प्रतियोगिता



बैकुण्ठपुर। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर एवं श्रीमती जयश्री प्रजापति के संयोजन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। युवा कार्यक्रम के तहत देश की एकता, अखंडता और सरदार पटेल की विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के अनुरूप महाविद्यालय में दो चरणों में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवति कर की गई। पहले चरण में एकता में शक्ति आज के युवाओं के लिए पटेल का संदेश एवं सरदार पटेल की सेवाभावना विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें आशा राजवाड़े प्रथम स्थान, लवकुश राजवाड़े द्वितीय स्थान एवं आयुष साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ.आशुतोष देउस्कर, डॉ.विनय शुक्ला एवं भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे। दूसरे चरण में सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें विजेता प्रतिभागियों में तेजस्विता सैनी एवं प्रियांसी निकुंज ने प्रथम स्थान, अनुज राजवाड़े एवं अफसाना बानो ने द्वितीय एवं अपर्णा सिंह एवं सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ.गौरव मिश्रा, अनुरंजन कुजूर, डॉ.सचिन सिंह, डॉ.रामयश पाल एवं डॉ.संदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.कुलदीप ओझा ने किया।

## अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया धरना

**अंबिकापुर।** अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज ने शनिवार को शहर के अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया है। समाज के लोगों ने अमित बघेल की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि छग क्रान्ति सेना और जोहार छग पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खंडित किए जाने के बाद एक विवादित ब्यान दिया था। इस बयान के बाद अग्रसेन जी महाराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और सिंधी समाज के खिलाफ विवादित टिप्पणी को लेकर अमित बघेल के खिलाफ अग्रवाल समाज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। विरोध प्रदर्शन के बाद कोतवाली पुलिस ने अमित बघेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 302 एवं 353(1) (सी) के तहत अपराध दर्ज किया था। शनिवार को अमित बघेल कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज ने अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवं नगर बंद की चेतावनी दी गई है।

## रायपुर में शामिल हुए कोरिया के स्काउट्स व गाइड्स

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के लिए गौरवभरा दिन साबित हुआ। इस दिन दो महत्वपूर्ण आयोजनों ने संगठन के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। रायपुर के पेंशनवाड़ा में स्काउट-गाइड छग के नए राज्य मुख्यालय भवन का भूमि पूजन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोरिया जिले से जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू, आशा एक्का, जिला मीडिया प्रभारी रवि प्रसाद बैगा और बैकुंठपुर विकासखंड सचिव शिव प्रताप सिंह शामिल हुए। इंडोर स्टेडियम रायपुर में 75 वां स्थापना दिवस, वंदे मातरम के 150 वर्ष और राज्य स्थापना दिवस का संयुक्त भव्य आयोजन हुआ।

मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कोरिया जिला संघ ने अनुशासन, ऊर्जा और सेवा भावना के साथ विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और जिले का गौरव बढ़ाया। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा, जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी एवं जिला आयुक्त स्काउट विनोद कुमार राय सहित सभी पदाधिकारियों ने जिले की टीम को बधाई दी।



## शिविर में 171 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों का नेत्र परीक्षण

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को यूथ रेडक्रॉस सोसायटी और लेंसकार्ट के तत्वाधान में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर प्राध्यापक और विद्यार्थियों के आंखों की जांच कर परामर्श दिया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी एलपी गुप्ता ने बताया कि शिविर में 171 प्राध्यापक और विद्यार्थियों के आंखों की जांच की गयी। लेंसकार्ट की ओर से आये विशेषज्ञ पीएन सिंह और सरफराज ने सभी की आंखों की जांच की। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने सभी को अपनी आंखों की देखभाल करने के लिए सचेत किया।

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/202-2

ग्राम:- बेलिया

**// ईश्तहार //**

आवेदक/आवेदिका सोनापति आत्मज पति रामलखन सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम के द्वारा ग्राम बेलिया में अपने मामा रमेशर जिसका मृत्यु/जन्म दिनांक 08/11/2013 में हुआ है, जिसका मृत्यु पंजीयन शासकीय/अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराये जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण-पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त जन्म/मृत्यु के पंजीयन प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 18/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अतः आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय तहसीलदार
सोनहत, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरिया के अमृत...

खरीदारी भी की, इससे समूहों का उत्साह और भी बढ़ा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोरिया जिले के महिला स्व-सहायता समूहों को विपणन, पैकेजिंग और ब्रांडिंग से जोड़कर नए बाजार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कोरिया की महिलाएं अब लखपति दीदी बनने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं।

### शहर के वार्डों...

सामान्य व्यक्ति भी डर के बीच गुजरता है कि कब आवारा कुत्ता उन पर हमला कर दें। शहर में बीते एक साल में डॉग बाइट के कई मामले सामने आ चुके हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद नगरीय प्रशासन आवारा कुत्तों को लेकर क्या कदम उठाती है, क्योंकि नपा के पास कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं है और न ही सुरक्षित वाहन हैं जो कि नपा के किसी अभियान में बाधा बन सकता है।

लगातार बढ़ रही संख्या चिंताजनक- आवारा कुत्तों की प्रतिवर्ष बढ़ रही जनसंख्या लोगों के सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर दी है। शहर के कई मोहल्लों के लोग आवारा कुत्तों से परेशान हो गए हैं और कुत्तों से सुरक्षा को लेकर डर के बीच जी रहे हैं। शहर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के नसबंदी कार्यक्रम नहीं चलाए जाने के कारण प्रतिवर्ष आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो कि लोगों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

### पीजी कॉलेज में किया गया राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रासेयो ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने वर्ल्ड कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुई। विद्यार्थियों प्राध्यापकों एवं स्टाफ ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत को राष्ट्रीय गौरव का क्षण बताते हुए रासेयो की छात्राओं ने टीम की तस्वीरों एवं पोस्टरों को प्रदर्शित किया तथा केक काटकर जीत की खुशिया मनाई। प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रगीत और खेल, दोनों ही युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और एकता की भावना को सशक्त करते हैं।

